संवाद

ग्रामीणों से संवाद कर सुनी उनकी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

# ग्राम केवलारी संभा में कलेक्टर ने लगाई चौपाल

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, जिले के विकासखंड चौरई की ग्राम पंचायत केवलारी संभा का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण। इस दौरान कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने ग्राम पंचायत भवन में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं जानी। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांव में पेयजल की सुविधा सीमित है तथा वर्तमान में केवल एक हैंडपम्प पर ही निर्भरता है।**



गर्मी के मौसम में जलस्तर कम होने तथा बारिश के समय पानी की गुणवत्ता प्रभावित होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर श्री नारायन ने सीईओ जनपद पंचायत चौरई को आवश्यक कार्यवाही करते हुए सामुदायिक कूप अथवा वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने गांव में ब्रिज निर्माण का विषय भी रखा। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में स्थल परीक्षण किया गया था, किंतु चयनित स्थान तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त नहीं पाया गया था। कलेक्टर श्री नारायन ने ग्रामीणों को आगामी ग्राम सभा में पंचायत के माध्यम से उपयुक्त स्थान चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए, ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि निकटस्थ ग्राम हिवरखेड़ी में शीघ्र ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्री नारायन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों तक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चौरई प्रभात मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जुन्नारदेव में जिले का सबसे लंबा आरओबी बनकर तैयार

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, एम.पी.आर.डी.सी. द्वारा जिले के तामिया-जुन्नारदेव मार्ग (28.3 कि.मी.) पर स्थित राज्य राजमार्ग क्रमांक-41 में जुन्नारदेव नगरीय क्षेत्र के रेलवे ट्रैक कि.मी. 943/0, लेवल क्रॉसिंग ए-पी-37 पर नव निर्मित रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य पूर्ण हो चुका है।**



यह जिले का सबसे लंबा रेलवे ओवर ब्रिज है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 554 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज में 330 मीटर के 11 स्पैन, दोनों ओर 84 मीटर के बॉक्स तथा 140 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया गया है। इसके चालू होने से जुन्नारदेव तहसील की लगभग 30 प्रतिशत आबादी को रेलवे फाटकों पर घंटों इंतजार की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही हर्रई, बिजोरी, तामिया, जुन्नारदेव, नीमढाना, बोरदेही, मुल्ताई, आठनेर, कुकरूखामला स्टेट हाईवे - 41 पर निर्मित होने से यह ब्रिज, छिंदवाड़ा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल पातालकोट को कुकरुखामला बैतूल से जोड़ेगा।

# प्राथमिक शाला गैलडुब्बा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला गैलडुब्बा, संकुल केंद्र जैतपुर, विकासखंड तामिया में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक किशन भारती के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई संकुल प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक शाला जैतपुर द्वारा 2 दिसंबर 2025 को किए गए विद्यालय निरीक्षण के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।**




सहायक आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि संकुल प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक शाला जैतपुर द्वारा 2 दिसंबर 2025 को विकासखंड तामिया की प्राथमिक शाला गैलडुब्बा का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्राथमिक शाला गैलडुब्बा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्री भारती शाला से अनुपस्थित पाये गये, संस्था की कुल दर्ज संख्या 51 है, जिसमें से मात्र 16 छात्र उपस्थित पाये गये। मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार नहीं बनाया गया, श्री भारती संस्था में मदिरा का सेवन कर उपस्थित होते हैं तथा संस्था से अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण संस्था के छात्रों का शैक्षणिक स्तर कमजोर पाया गया। प्राथमिक शिक्षक श्री भारती का यह कृत्य कर्तव्य के प्रति की जा रही लापरवाही एवं उदासीनता व स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसीलिये प्राथमिक शिक्षक श्री भारती को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) में दिये गये प्रावधानों के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में प्राथमिक शिक्षक श्री भारती का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछुआ नियत किया गया है।

# साहू समाज ने संघर्ष और मेहनत से किया मुकाम हासिल

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद संपत साहू की 98 वी जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, अपने लंबे संघर्ष और मेहनत के दम पर साहू समाज ने मुकाम हासिल किया है, हमे इसे बताए रखने के लिए सामाजिक एकता और अखंडता पर ध्यान देना होगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद संपत साहू ने देश के लिए अपना बलिदान दिया है, हमे उनके इस बलिदान को याद रखते हुए समाज के लोगों तक उनके बलिदान की जानकारी बतानी होगी।**



यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने मैहर में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद संपत साहू की 98 वी जयंती के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सांसद श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि आपका भाई और बेटा आज इस मुकाम पर यदि पहुंचा है तो इसमें साहू समाज की बड़ी भूमिका रही है। साहू समाज के सामाजिक बंधुओं ने चुनाव के समय बिना किसी आंमत्रण के ही जिले में सक्रिय रहकर काम किया था। उन्होंने कहा कि हमे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद संपत साहू के बलिदान को हमेशा ही याद करने के लिए हर कार्यक्रम की शुरूवात उन्हे श्रद्धांजलि देकर करनी चाहिए। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद संपत साहू के शहीद स्मारक में जाकर उन्हे अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू का साहू समाज की और से भव्य स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

# गौर परिवार ने किया कवि गोष्ठी का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, मातृभूमि के आँगन में मंगलदीप सजाने के संकल्प लेकर वर्ष को विदाई तथा 2026 का अभिनंदन करने के लिए 31 दिसंबर को नववर्ष की पूर्व संध्या पर छिंदवाड़ा के चंदन गांव स्थित श्रीराम कॉलोनी में गौर परिवार में एक कवि-गोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया। आयोजन के अध्यक्ष थे आकाशवाणी के पूर्व उद्घोषक अवधेश तिवारी, मुख्य अतिथि नेमीचंद व्योम एवं विशिष्ट तिथि ओमप्रकाश नयन।**

जाने-माने व्यंग्यकार विशाल शुक्ल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले नगर के प्रमुख रचनाकार थे, इंद्रजीत सिंह ठाकुर, शशांक पारसे, हरिओम माहोरे, राजेंद्र यादव, श्रीमती ज्योति गुप्ता, अनुराधा तिवारी, श्रीकांत सराठे, राहुल सूर्यवंशी, यशस्वी यश, राहुल चौरिया, द्वारका प्रसाद सूर्यवंशी, अनिल ताम्रकार प्यासा, शशांक दुबे, गेंदलाल बाविस्टाले,दीपक गौर, विनोद सनोडिया, जय साबरा (उमरिया से), मनीष तारण (अमरवाड़ा से ) भोले नेमा चंचल (हर्रई से), छिंदवाड़ा से श्रीमती पदमा जैन तथा ओमेश्वर सूर्यवंशी । कार्यक्रम का शुभारंभ देवी वीणापाणि के समक्ष दीप-प्रज्वलन के साथ हुआ तथा श्री नंदकुमार दीक्षित ने अपने शब्द-सुमन समर्पित कर देवी की गरिमामय वन्दना प्रस्तुत की। ठीक अर्ध रात्रि के समय नए वर्ष का शुभारंभ होते ही कार्यक्रम-अध्यक्ष ने समूहगान के रूप नववर्ष का अभिनंदन करते हुए अपना एक गीत प्रस्तुत किया।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 6 जनवरी को

**छिंदवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जिले में वृत्त/जिला स्तरीय विद्युत शिकायत निवारण फोरम द्वारा शिविर का आयोजन 06 जनवरी 2026 मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक प्रशासनिक भवन खजरी रोड छिन्दवाड़ा में किया गया है, जिसमें उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा। फोरम शिविर में विद्युत अधिनियम की धारा 126, 135, 138 एवं 161 के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों पर सुनवाई नहीं की जायेगी । विद्युत उपभोक्ता अपनी शिकायत के साथ उपस्थित होकर शिकायत का निराकरण करवा सकते हैं ।

# 14 से 24 जनवरी तक मनाया जाएगा आनन्द उत्सव

## आनंद उत्सव के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति गठित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग के निर्देशानुसार जिले में 14 से 24 जनवरी 2026 के बीच आनंद उत्सव-2026 आयोजित किया जाएगा। आनन्द उत्सव के सफल आयोजन एवं समय-सारणी अनुसार गतिविधियों के आयोजन, कार्यक्रम की रूप रेखा के निर्धारण और पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।**

समिति में कलेक्टर श्री नारायन अध्यक्ष के रूप में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, उप संचालक शहरी विकास प्राधिकरण छिंदवाड़ा व जिला खेल अधिकारी एवं जिला सम्पर्क व्यक्ति/आनंदम सहयोगी/ जिले के सभी मास्टर ट्रेनर्स डॉ.साक्षी सहारे, कैलाश सोनेवार, डॉ.वैशाली गुप्ता, श्रीमती रजनी कवरेती, डॉ.मनीषा आमटे, नवीनकुमार वर्मा, डॉ.नितिन टेकरे, नवीन कुमार साहू, नेहरू युवा केन्द्र छिन्दवाड़ा के जिला युवा अधिकारी, म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, उप संचालक निश्शक्त जन एवं सामाजिक न्याय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा सदस्य के रूप में तथा अतिरिक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आनंद विभाग छिंदवाड़ा सदस्य सचिव के रूप में शामिल किए गए हैं।

# उप संचालक ने ली विभागीय मासिक समीक्षा बैठक



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा आज कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र इमलीखेडा में विभागीय मासिक समीक्षा बैठक ली गई।**

बैठक में मुख्य ग्राम खण्ड इमलीखेड़ा के अंतर्गत समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को शासन की योजना, क्षीरधारा ग्राम अंतर्गत ग्रामों का चयन एवं कार्ययोजना की जानकारी दी गई। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान कार्य, उपचार, दवा वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण कार्य एवं पशुपालन के.सी.सी. की समीक्षा की गई एवं लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिये गये । समीक्षा बैठक में एस.पी.पवार, संदीप डोले, अनुपम राय, करपेती, अमित बगोठिया, जी.आर.टोपले, श्रीमती रजनी सलामे, श्रीमती अनिलवती खमरिया, कु.श्रृद्धा चौरसिया, कु.सिंधुबाला धुर्वे एवं राधेश्याम माहोरे उपस्थित थे।

# संगठन विरोधी गतिविधियों के चलते जिला अध्यक्ष को किया पदमुक्त

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, अंतर्राट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए गए। संगठन ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उन्हें संगठन के पद से पदमुक्त कर दिया है। इतना ही नहीं प्राथमिक सदस्यता से समाप्त कर दी है। इसके पूर्व वह संगठन के विभिन्न पदों पर रह चुके है।**

प्रांत मंत्री शिव उसरेठे ने बताया कि धर्मेंद्र राष्ट्रीय बजरंग दल के नाम का प्रयोग करते हैं तो संगठन उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराने के लिए विवश होगा। आज के बाद कोई भी कार्य इनका व्यक्तिगत माना जाए। उक्त निर्णय अहिप केंद्रीय मंत्री बेटू चंदेल, प्रांत मंत्री प्रमोद राय, शिव उसरेठे, प्रांत संगठन मंत्री ओमप्रकाश यादव, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अशोक सोनी की सहमति से विगत दिनों चौरई में हुई जिला बैठक में लिया गया। इस अवसर पर शिव उश्रेते, प्रांतीय मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, महाकौशल भावराष्ट्र हिंदू परिषद अशोक सोनी जिला अध्यक्ष मौजूद थे।

# नूतन वर्ष पर निकली श्रीजी की भव्य रथयात्रा

## आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान की हुई पूर्णता

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 जनवरी, मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में 25 दिसंबर 2025 से चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूर्णता 1 जनवरी 2026 के शुभ दिन नूतन वर्ष अभिनंदन से किया गया। आठ दिवसीय मंगल विधान कराने का सौभाग्य जिनशासन सेवक मोतीलाल, सुबोध कुमार जैन कोल्ड स्टोरेज वाला भैयाजी परिवार को प्राप्त हुआ। जिनके मंगल आमंत्रण पर पूरे देश से पधारे हजारों साधर्मियों के साथ सकल जैन समाज, मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के सदस्यों ने भक्ति भाव पूर्वक सिद्ध परमेष्ठी भगवन्तों की मंगल आराधना की।**



महोत्सव में बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती जैन सहित अन्य ब्रह्मचारी बहनों के साथ पंडित विपिन शास्त्री नागपुर, अनुभव शास्त्री करेली, जिनेंद्र शास्त्री एवं दिव्यांश शास्त्री जयपुर सहित स्थानीय विद्वानों में पंडित अशोक वैभव, ऋषभ शास्त्री, डॉक्टर विवेक जैन, रूपेंद्र शास्त्री का समागम प्राप्त हुआ। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक राज जैन, सुधीर जैन, वर्धमान जैन, सचिन जैन, सौरभ जैन, पराग जैन, पलाश जैन, श्रुति जैन, आर्या जैन, संस्कृति जैन सहित सभी का सहयोग प्राप्त हुआ।

विधान की पूर्णता पर 1 जनवरी के शुभ दिन नई आबादी गांधी गंज क्षेत्र में श्रीजी सहित मां जिनवाणी की भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में जैन बंधुओं ने सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की। रथयात्रा की पूर्णता श्री पार्श्वनाथ जिनालय में हुई जहां श्रीजी का अभिषेक कर वेदी पर विराजमान किया ओर 64 चंबर लगाए गए पश्चात आयोजक परिवार द्वारा साधर्मी वात्सल्य का आयोजन किया गया।

# बिछुआ में मेकअप आर्टिस्ट प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 2 जनवरी, वीर अमर शहीद स्व कबीर दास उईके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में उच्च शिक्षा विभाग की योजना क्रमांक 7581 के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कैरिअर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं इनोवेशन एंड इन्कुबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 25 दिवसीय मेकअप आर्टिस्ट प्रशिक्षण का शुभारम्भ 2 जनवरी 2026 को प्राचार्य महोदय डॉ.आर.पी यादव के मार्गदर्शन एवं इन्क्यूबेशन को-ऑर्डिनेटर डॉ.अजीत डेहरिया की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।यह प्रशिक्षण 2 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक चलेगा,जिसमें लगभग 165 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है।**




प्रशिक्षण शीतला पार्लर की ओनर श्रीमती संध्या मालवीय द्वारा दिया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ प्रारंभ हुआ। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.फरहत मंसूरी ने विद्यार्थियों को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाकर के अपने विद्यार्थी जीवन को लक्ष्य केंद्रित बनाने का आग्रह किया उन्होंने बताया की स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वरोजगार उन्मुक्त एवं रोजगार उन्मुख बनाने हेतु अनेक प्रयास किए जाते हैं जिससे विद्यार्थी में महाविद्यालय से शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत अपने जीवन को एक निश्चित दिशा प्रदान कर सकें।कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ.फरहत मंसूरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सह-सचिव डॉ.शिवानी सोनी के द्वारा किया गया। प्रथम दिवस में विद्यार्थियों को बेसिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ.नसरीन अंजुम खान,डॉ.नमिता चौबे, अजीत सिंह गौतम, मनीष कुमार ठाकुर, दुजारी बोसम,डॉ.मदन ठाकरे एवं महाविद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सौंदर्य एवं मेकअप कला में दक्ष बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा

पता- आजाद भवन टाउन हॉल खंडवा, 450001 दूरभाष-0733 2223523
ईमेल- commkhanndwa@mpurban.gov.in

क्रमांकःक/ रा. बा. / 2025/961 — खण्डवा, दिनांक 31/12/2025

**// अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञप्ति //**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत वेबसाईट www.mptendors.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन पोर्टल | कार्य का नाम | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_472224_1 | मा नवचण्डी मेला हेतु आरक्षित भूमि को मेला अवधि (2 माह के लिये) में अस्थाई आवंटन हेतु | 21,26,000/- | 1,00,000/- | 5,000/- | अनुबंध दिनांक से 02 माह तक |

निविदा ऑनलाइन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13/01/2026 (शाम 05:30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक :- 15/01/2026 (प्रातः 10:30 बजे)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट www.mplendors.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। ई निविदा से संबंधित शर्तें कार्यालयीन समय में राजस्व बाजार विभाग में देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम खण्डवा